# झारखंड लोक सेवा आयोग
## सर्कुलर रोड, रांची – 834001
## विज्ञापन

| ऑनलाइन (Online) आवेदन करने की अंतिम तिथि–12/08/2016 |
|---|

| विज्ञापन संख्या–08/2016 |
|---|

खान एवं भूतत्व विभाग, झारखंड, रांची के अन्तर्गत **जिला खनन पदाधिकारी (District Mining Officer)** के पद पर सीधी भर्ती/नियुक्ति हेतु इच्छुक भारतीय अर्हताधारियों से निम्न प्रकार विहित शर्तों एवं निर्देशों के अनुरूप **ONLINE** आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं ।

1. **पद का नाम** :– **जिला खनन पदाधिकारी (District Mining Officer)**

2. **रिक्तियों का विवरण** :–

| अनारक्षित | अनु0जाति | अनु0 जनजाति | कुल |
|---|---|---|---|
| 03 | 01 | 01 | 05 |

**नोटः– रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है।**

3. **वेतनमान** :– PB-III, 15,600–39,100 + ग्रेड पे–6,600

4. **परीक्ष्यमान अवधि** :– **02 (दो) वर्ष**

5. **शैक्षणिक योग्यता** :–

किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से खनन अभियंत्रण में डिग्री अथवा ऑल इण्डिया काउंसिल फॉर टेकनिकल एजुकेशन द्वारा अनुमोदित समकक्ष डिग्री।

6. **अनुभव** :–

खनन अभियंत्रण में उपाधि (डिग्री) के उपरांत केन्द्र/राज्य सरकार के प्रतिष्ठान/राष्ट्रीय/राजकीय लोक उपक्रम में न्यूनतम पाँच वर्षों का अनुभव होना अनिवार्य होगा।

7. **उम्र सीमा (Age Limit)** :–

**(क)** परीक्षा हेतु उम्मीदवारों के उम्र की गणना की तिथि **01.08.2015** होगी। इनकी आयु न्यूनतम 26 वर्ष एवं अधिकतम आयु कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार का ज्ञापांक–609, दिनांक–25.01.2016 के अनुसार निम्नवत् होनी चाहिए :–

| क्र0 | श्रेणी | उम्र | निशक्त आवेदकों के लिए |
|---|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 35 वर्ष | 40 वर्ष |
| 2 | महिला (अनारक्षित) | 38 वर्ष | 43 वर्ष |
| 3 | अनु0 जनजाति/अनुसूचित जाति (पुरूष/महिला) | 40 वर्ष | 45 वर्ष |

**(ख)** भूतपूर्व सैनिकों (Ex-servicemen) को उनकी आरक्षण कोटि के लिए निर्धारित अधिकतम उम्रसीमा में 05 वर्षों की छूट।

**(ग)** कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार का ज्ञापांक–360, दिनांक–21.01.2003 के अनुसार, राज्य सरकार के वैसे सरकारी कर्मी जिन्होंने लगातार तीन वर्षों की सरकारी सेवा पूरी कर ली हो, उन्हें निर्धारित अधिकतम उम्र सीमा में 5 वर्षों की छूट देय है।

